राजस्थान सरकार
स्वायत्त शासन विभाग, राजस्थान
(जी–3 राजमहल रेजीडेन्सी सी–स्कीम, सिविल लाईन फाटक के पास, जयपुर)

क्रमांक एफ.15(ग)/पीडी/डीएलबी/ई.र.यो/20/1956 दिनांकः 16/09/2022

जिला कलक्टर एवं पदेन अध्यक्ष
जिला स्तरीय समन्वय एवं मॉनिटरिंग समिति
(इन्दिरा रसोई योजना), समस्त राजस्थान।

विषयः–नवीन इन्दिरा रसोईयों के लोकार्पण के सम्बन्ध में।

उपरोक्त विषयान्तर्गत लेख है कि माननीय मुख्यमंत्री महोदय, राजस्थान सरकार द्वारा नवीन इन्दिरा रसोईयों का लोकार्पण दिनांक 18.09.2022 को दोपहर 12.00 बजे पुराना नगर निगम ऑफिस, सोजती गेट, जोधपुर में "राज्य स्तरीय समारोह" में किया जायेगा। सभी नगरीय निकाय इस राज्य स्तरीय लोकार्पण कार्यक्रम में दोपहर 12.00 बजे वीडियो कॉन्फ्रेसिंग के माध्यम से आवश्यक रूप से जुडेगें। माननीय मुख्यमंत्री महोदय राज्य स्तरीय लोकार्पण कार्यक्रम में राज्य की सभी इन्दिरा रसोईयों का ऑनलाईन लोकार्पण करेंगे तथा जिला मुख्यालय/नगरीय स्तर पर उपस्थित रसोई संचालकों/लाभार्थियों से वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से संवाद करेंगे।

जोधपुर के अलावा जिला मुख्यालयों/नगर निकाय स्तर पर भी नवीन इन्दिरा रसोईयों के लोकार्पण के कार्यक्रम आयोजित किये जायेंगे, जिसमें जिला मुख्यालय पर जिले के माननीय मंत्रीगणों/विधायकगण द्वारा तथा नगरीय निकाय स्तर पर सम्बन्धित नगरीय निकाय के सभापित/अध्यक्ष/माननीय विधायकगण/अन्य जनप्रतिनिधियों द्वारा नवीन इन्दिरा रसोईयों का लोकार्पण किया जायेगा।

नवीन इन्दिरा रसोईयों के आयोजित लोकार्पण कार्यक्रम में नगरीय निकायों के महापौर/सभापति/अध्यक्ष मय समस्त पार्षदगण व जनप्रतिनिधियों तथा समस्त अधिकारी/कर्मचारीगण को ससम्मान आमंत्रित किया जाये एवं राज्य स्तरीय कार्यक्रम के समापन के तुरन्त पश्चात् संलग्न कार्यक्रम के अनुसार जिला स्तर/निकाय स्तर पर कार्यक्रम आयोजित किये जायें।

साथ ही आपसे आग्रह है कि नवीन इन्दिरा रसोईयों के लोकार्पण कार्यक्रम के सम्पन्न होने के उपरान्त कार्यक्रम का व्यापक प्रचार–प्रसार करना सुनिश्चित कराऐं।

संलग्न :– इन्दिरा रसोई विवरण/प्रगति।

(डॉ. जोगा राम)
शासन सचिव

क्रमांक एफ.15(ग)/पीडी/डीएलबी/ई.र.यो/20/1956 दिनांकः 16/09/2022

प्रतिलिपि सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु :–

1. निजी सचिव, प्रमुख शासन सचिव, माननीय मुख्यमंत्री महोदय, राजस्थान सरकार, जयपुर।
2. विशिष्ट सहायक/निजी सचिव, माननीय मंत्री/राज्यमंत्रीगण (समस्त), राजस्थान सरकार, जयपुर।
3. संयुक्त सचिव, मुख्य सचिव महोदया, राजस्थान सरकार, जयपुर।

4. निजी सचिव, अतिरिक्त मुख्य सचिव/प्रमुख शासन सचिव/शासन सचिव/विशिष्ठ शासन सचिव (समस्त), राजस्थान, जयपुर।
5. निजी सचिव, प्रमुख शासन सचिव, नगरीय विकास विभाग, राजस्थान, जयपुर।
6. निजी सचिव, शासन सचिव, स्वायत्त शासन विभाग, जयपुर।
7. निजी सचिव, निदेशक एवं संयुक्त शासन सचिव, स्वायत्त शासन विभाग, राजस्थान, जयपुर।
8. सम्भागीय आयुक्त (समस्त) राजस्थान।
9. निजी सचिव, आयुक्त एवं संयुक्त शासन सचिव, सूचना प्रौद्योगिकी एवं संचार विभाग को उक्तानुसार वीडियो कॉन्फ्रेसिंग की सुविधा हेतु आग्रह।
10. उप निदेशक (क्षेत्रीय), स्थानीय निकाय विभाग, समस्त को भेजकर कर लेख है कि नवीन इन्दिरा रसोईयों का विधिवत लोकार्पण करने हेतु आपके क्षेत्राधिकार की समस्त नगरीय निकायों से समन्वय स्थापित किया जावे एवं इन्दिरा रसोई योजना का सफल संचालन व क्रियान्वयन सुनिश्चित किया जावे।
11. महापौर/सभापति/अध्यक्ष, नगर निगम/ नगर परिषद /नगरपालिका समस्त, राजस्थान।
12. आयुक्त/अधिशाषी अधिकारी, नगर निगम/नगर परिषद /नगरपालिका समस्त, राजस्थान।
13. समस्त अधिकारीगण, निदेशालय।
14. संयुक्त निदेशक (जन सम्पर्क), निदेशालय को प्रिन्ट व इलेक्ट्रानिक मीडिया में प्रकाशन करवाने हेतु पालनार्थ।
15. एनालिस्ट कम कम्प्यूटर प्रोग्रामर, निदेशालय को विभागीय वेबसाईट पर अपलोड करने हेतु पालनार्थ।
16. नवीन इन्दिरा रसोई संचालक, इन्दिरा रसोई योजना समस्त राजस्थान।
17. सुरक्षित पत्रावली।

(हृदेश कुमार शर्मा)
निदेशक एवं संयुक्त शासन सचिव